सार-समाचार

होलिका दहन के दिन बोर्ड परीक्षा अव्यावहारिक - गंगवाल

अजमेर(निसं)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 2 मार्च को कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित किए जाने पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सीए प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री सीए विकास अग्रवाल एवं अजमेर शहर व्यापार महासंघ के प्रवक्ता कमल गंगवाल ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि 2 मार्च को होलिका दहन एवं 3 मार्च को धुलंडी का पर्व राज्यभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। ऐसे प्रमुख सामाजिक एवं धार्मिक पर्व के दिन परीक्षा आयोजित करना लाखों छात्रों और अभिभावकों के लिए मानसिक तनाव और असमंजस की स्थिति उत्पन्न करेगा। सीए अग्रवाल एवं गंगवाल ने सीबीएसई अध्यक्ष एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज से छात्र हित एवं सामाजिक संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए परीक्षा तिथि में तत्काल संशोधन की मांग की है। शरद कपूर एवं प्रहलाद माथुर ने भी कहा कि होली जैसे राष्ट्रीय पर्व पर परीक्षा लेना न तो व्यावहारिक है और न ही संवेदनशील।

मेघा शर्मा का जयपुर में प्रतिष्ठित टेक्सटाइल कंपनी में चयन

ब्यावर (निसं)। शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए वर्धमान इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एवं मेकअप आर्टिस्ट विभाग की एक और छात्रा ने सफलता का परचम लहराया है। संस्थान के फैशन डिजाइनिंग विभाग की छात्रा मेघा शर्मा का चयन ओ वूमनिया टेक्सटाइल डिपार्टमेंट, जयपुर में हुआ है। यह उपलब्धि न केवल मेघा शर्मा के लिए, बल्कि पूरे संस्थान के लिए गर्व और खुशी का विषय है।मेघा शर्मा ने अपने प्रशिक्षण काल के दौरान फैशन डिजाइनिंग के विभिन्न पहलुओं जैसे फैब्रिक स्टडी, टेक्सटाइल डिजाइन, पैटर्न मेकिंग एवं प्रैक्टिकल वर्क में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने मेघा शर्मा को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि वर्धमान इंस्टीट्यूट विद्यार्थियों को केवल शैक्षिणक ज्ञान ही नहीं, बल्कि उद्योग-उन्मुख एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि छात्रा का चयन यह सिद्ध करता है कि संस्थान द्वारा दी जा रही शिक्षा आज के फैशन और टेक्सटाइल उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप है।वद्धर्मान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने भी मेघा शर्मा को इस सफलता पर शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और इससे संस्थान की साख और अधिक मजबूत होगी।

आम आदमी पार्टी ने डाक अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

ब्यावर (निसं)। आम आदमी पार्टी ब्यावर द्वारा डाक अधीक्षक कमलेश प्रजापत को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से ब्यावर जिले बनने के ढाई वर्ष बाद भी 24 7 दिन रात डाक सेवाऐं शुरू नहीं की गई है जबकि अजमेर में रेलवे स्टेशन पर 24 7 दिन रात डाक सेवाएं रहती है। उसी तर्ज पर ब्यावर में भी रेलवे स्टेशन पर 24 7 डाक सेवाओं की मांग का ज्ञापन आम आदमी पार्टी ब्यावर ने अधीक्षक डाक विभाग ब्यावर को सौंपा। ज्ञापन में जिला न्यायालय ब्यावर में भी अलग से डाक काउंटर लगवाने की मांग भी रखी जिस पर अधीक्षक महोदय ने दोनो विषयों पर कार्यवाही करने का जनहित को सर्वोपरि रखते हुए आश्वासन दिया।ब्यावर जिला बनने के बाद प्रशासनिक, व्यवसायिक एवं सामाजिक गतिविधियों में निरन्तर वृद्धि हुई है जिससे 24 ग 7 डाक सेवाएं अति आवश्यक हो गई है। इसके अभाव में अधिवक्ताओं, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं शासकीय कार्यो से जुडे लोगो को भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है। शिष्टमण्डल में पार्टी जिलाध्यक्ष शौकीन काठात, ट्रेड विंग जिलाध्यक्ष शंकर प्रजापति, एस सी विंग जिलाध्यक्ष नारायण अग्रवाल, ओबीसी विंग जिलाध्यक्ष बाबूलाल सैन, शहर अध्यक्ष धीरज जैन, डॉ. कमल पुरोहित, राधावल्लभ माहेश्वरी, खींयाराम सिंगारिया, कन्हैयालाल खत्री, मुराद काठात, धर्मेन्द्र कुमावत, गोपी काठात, राजू रावत, एडवोकेट नीलेश बुरड़ आदि उपस्थित रहें।

वाल्मीकि समाज को मिले सफाईकर्मियों की भर्ती में प्राथमिकता

भीलवाड़ा (निसं)। भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने आज राजस्थान विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से प्रदेश में सफाईकर्मियों की लंबित भर्ती और वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने का महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। विधायक कोठारी ने अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान और कचरा मुक्त भारत जैसे राष्ट्रीय अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश स्तर पर स्वच्छता को जन आंदोलन बनाया गया है, लेकिन जमीनी स्तर पर सफाईकर्मियों की कमी के कारण इन अभियानों की भावना पूरी तरह साकार नहीं हो पा रही है। विधायक कोठारी ने सदन में कहा कि जब कोई व्यक्ति सुबह घर से निकलता है और सड़क व नालियां गंदी दिखती हैं तो वह सबसे पहले स्थानीय जनप्रतिनिधि और सरकार को दोष देता है, जबकि वास्तविक समस्या सफाईकर्मियों की अपर्याप्त संख्या है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 के बाद से सफाईकर्मियों की नियमित भर्ती नहीं हुई है। पिछले वर्ष भर्ती का प्रयास भी अनुभव प्रमाण पत्र जैसी तकनीकी अड़चनों के कारण निरस्त करना पड़ा। कोठारी ने विशेष रूप से वाल्मीकि समाज का उल्लेख करते हुए कहा कि यह समाज परंपरागत रूप से सफाई कार्य से जुड़ा रहा है। ऐसे में इस समाज के लोगों से अनुभव प्रमाण पत्र मांगना व्यवहारिक नहीं है। उन्होंने कहा कि जब अन्य समाज के व्यक्तियों का चयन सफाईकर्मी के रूप में होता है तो वे अक्सर मूल सफाई कार्य के स्थान पर अन्य कार्यों में लग जाते हैं, जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने संविदा पर कार्यरत सफाईकर्मियों की स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा कि वे शोषण पूर्ण परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं।

मांडल में लैंगिक भेदभाव पर जागरूकता कार्यशाला

भीलवाड़ा(निसं)। बाल व महिला चेतना समिति तथा डायरेक्ट एक्शन फॉर वूमेन नाऊ के संयुक्त तत्वावधान में रूपी देवी कॉलेज, मांडल में छात्राओं के लिए लैंगिक भेदभाव एवं जेंडर समानता विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ज्योति द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं परिचय से हुई। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इस विषय की प्रासंगिकता से अवगत कराया। संस्था अध्यक्ष तारा अहलूवालिया ने कहा कि कम उम्र में ही जेंडर से जुड़े मुद्दों को समझना बेहद जरूरी है, ताकि समाज में समानता की सोच को मजबूत किया जा सके। कार्यशाला की मुख्य वक्ता उदयपुर से आई शशिप्रभा ने छात्राओं को दैनिक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से जेंडर की अवधारणा को बेहद सरल और प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने घर-परिवार में लड़का-लड़की के बीच किए जाने वाले भेदभाव, काम के बंटवारे, शिक्षा और केरियर से जुड़े सामाजिक नजरिए पर विस्तार से चर्चा की। शशि जी ने बताया कि जेंडर समानता केवल महिलाओं का विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उनके संवादात्मक अंदाज़ ने छात्राओं को सोचने, सवाल करने और अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कॉलेज की सचिव टीना गुर्जर ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं से विद्यार्थियो की मुद्दे के प्रति संवेदनशीलता और समझ विकसित होती है।

विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता सत्रों का किया आयोजन

भीलवाड़ा(निसं)। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीएसआर विभाग के सहयोग से ममता एचआईएमसी द्वारा संचालित मोबाइल हेल्थ वैन प्रोजेक्ट के तहत राजस्थान एवं उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कैंसर जागरूकता और स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया गया। यह अभियान मुख्य रूप से पांच प्रमुख स्थानों उदयपुर के जावर, राजसमंद के दरीबा, चित्तौड़गढ के.चंदेरिया, भीलवाड़ा के आगुचा एवं उत्तराखंड के पंतनगर ऊधम सिंह नगर में आयोजित किये। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बीमारी के शुरुआती लक्षणों की पहचान करना और समय पर इलाज के महत्व को समझाना था। विशेष रूप से महिलाओं और तंबाकू का सेवन करने वाले लोगों को मुंह, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर के खतरों के प्रति जागरूक किया गया।

केशव एच. कुणकर्णी की स्मृति में 20वां विशाल रक्तदान शिविर

■ स्वर्गीय केशव एच. कुणकर्णी की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया

अजमेर(निसं)। उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ अजमेर मंडल के तत्वावधान में श्रद्धेय स्वर्गीय केशव एच. कुणकर्णी की स्मृति में 20वां विशाल रक्तदान शिविर सीनियर रेलवे इंस्टिट्यूट, अजमेर में आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया, जिसमें कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अजमेर शिविर में 495 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया, जिनमें से 465 ने रक्तदान किया। इनमें 15 महिलाएं भी शामिल रहीं, जबकि 30 लोगों को स्वास्थ्य एवं अन्य कारणों से अयोग्य घोषित किया गया। इसी प्रकार आबूरोड़ में 201 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 175 ने रक्तदान किया और 26 लोग अयोग्य पाए गए। इस प्रकार कुल 640 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतडा तथा विशेष अतिथि विकास आनंद, मुख्य कारखाना प्रबंधक अजमेर रहे। कार्यक्रम में महामंत्री विनोद मेहता सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए रक्तदान को महादान बताया और समाज के लिए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

रक्तदान शिविर में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रक्त संग्रह का कार्य जवाहरलाल नेहरू अस्पताल, मित्तल अस्पताल, क्षेत्रपाल अस्पताल, विद्यापति ब्लड सेंटर तथा त्रिवेणी ब्लड सेंटर द्वारा किया गया। शिविर की सफलता में संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ द्वारा वर्ष 2007 से लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

वन्य जीव संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वालों के लिए आवेदन आमंत्रित

भीलवाड़ा(निसं)। वृक्षारोपण, वन सुरक्षा एवं वन्य जीव संरक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं औद्योगिक संस्थान, ग्राम पंचायत, कृषकों, निजी व्यक्तियों को वर्ष 2025-26 के लिए पुरस्कृत किया जाना है उपवन संरक्षण ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था, औद्योगिक प्रतिष्ठान, कृषक ग्राम पंचायत, निजी व्यक्ति अपने प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में 24 फरवरी तक उपवन संरक्षण कार्यालय में आवेदन कर सकते है।

नसीराबाद में क्रिकेट का महासंग्राम, आज से मुकाबले शुरू

नसीराबाद,(निसं)। मिशन कम्पाउण्ड मैदान आज शुक्रवार से क्रिकेट के रोमांच का गवाह बनने जा रहा है। कहार नवयुवक मंडल, कहार मोहल्ला नसीराबाद द्वारा 06 फरवरी से 08 फरवरी 2026 तक आयोजित की जा रही तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आज आगाज होगा। प्रतियोगिता का संचालन नरेन्द्र मेहरा के नेतृत्व में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आई कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं, जो तीन दिनों तक मैदान पर अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। मैच प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे से शाम 6 बजे तक खेले जाएंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतिदिन 150 से 200 दर्शकों की उपस्थिति रहने की संभावना है।

प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21,000 रुपये तथा उपविजेता टीम को 11,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी, जिससे खिलाड़ियों में अतिरिक्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

आयोजक मंडल ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान खेल भावना, अनुशासन और समयबद्धता को प्राथमिकता दी जाएगी।

दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में एक व्यक्ति घायल

मसूदा, (निसं)। मसूदा थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को बुलाया। एंबुलेंस चालक राजेंद्र एवं कंपाउंडर योगेश शर्मा घायल को मसूदा उप जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घायल की हालत गंभीर होने पर उसे उच्च चिकित्सा संस्थान के लिए रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवपुरा निवासी शैतान मोटरसाइकिल से घरेलू सामान लेने जा रहा था, तभी सामने से तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल से उसकी टक्कर हो गई। खबर लिखे जाने तक घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला कार्यकारिणी में पदों पर मनोनयन

■ जिला कार्यकारिणी के चुनाव के बाद शेष रहे पदों का सहवरण संगठन की सहमति से किया गया

अजमेर(निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला कार्यकारिणी में रिक्त पदों पर सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया।

जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि जिला कार्यकारिणी के चुनाव के बाद शेष रहे पदों का सहवरण संगठन की सहमति से किया गया, जिससे जिला कार्यकारिणी अब पूर्ण रूप से गठित हो गई है।

मनोनयन के तहत अतिरिक्त जिला मंत्री पद पर भरत सिंह पंवार को दायित्व सौंपा गया। उपाध्यक्ष संस्कृत शिक्षा के पद पर लेखराज जाट, उप जिला निरीक्षक अजमेर को नियुक्त किया गया। सचिव संस्कृत शिक्षा के रूप में विमल कुमार जैन, प्रधानाचार्य संस्कृत विद्यालय अजमेर को जिम्मेदारी दी गई। प्रधानाचार्य प्रतिनिधि के रूप में सुरेंद्र पाल सिंह चौधरी, केसरपुरा को मनोनीत किया गया।

इसी क्रम में महिला शिक्षक प्रतिनिधि पद पर मीना शर्मा, सराधना को चुना गया। प्रयोगशाला सहायक प्रतिनिधि के रूप में विष्णु पाराशर, पुष्कर को दायित्व दिया गया। प्रबोधक प्रतिनिधि के पद पर योगेश्वर पारीक, अराई को मनोनीत किया गया। पंचायत शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में चंद्र शेखर शर्मा, गनाहेड़ा तथा पुस्तकालय अध्यक्ष प्रतिनिधि के रूप में जितेश मेहरा, बांदनवाड़ा को शामिल किया गया।

प्रदेश कोषाध्यक्ष कैलाश कच्छावा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़ ने नवगठित जिला कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि कार्यकारिणी के पूर्ण गठन से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और शिक्षक हितों के लिए कार्य और अधिक प्रभावी होगा। जिला संगठन मंत्री सत्यनारायण शर्मा, जिला मंत्री गुमान सिंह जादौन, जिला सभाध्यक्ष धर्मी चंद माली तथा जिला कोषाध्यक्ष नसीर काठात ने भी सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र एवं केंद्र सामग्री वेबसाइट पर की गई अपलोड

अजमेर,(कासं)। बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए उच्च माध्यमिक, वरिष्ठ उपाध्याय एवं माध्यमिक, प्रवेशिका, व्यावसायिक परीक्षा के प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड कर दिए गए है।

बोर्ड सचिव गजेंद्र राठौड़ ने बताया कि संबंधित शाला प्रधान, अग्रेषण अधिकारी पूर्व प्रदत्त आईडी अथवा पासवर्ड से डाउनलोड करके प्रवेश पत्रों की हार्ड कॉपी निकालकर उसमें मुद्रित सभी प्रविष्टियों की भली भांति जांच कर प्रमाणीकरण पश्चात् संबंधित परीक्षार्थियों को वितरित करेंगें। नियमित परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र संबंधित शाला प्रधान तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र संबंधित अग्रेषण अधिकारी जहां से परीक्षार्थी ने आवेदन पत्र भरा है डाउनलोड कर सकेगें। प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाईट के लिंक पर उपलब्ध होगें।

उन्होंने बताया कि ऐसे परीक्षार्थी जिनका शाला से नाम पृथक एनएसओ उपस्थिति न्यून, अन्य कारणों से रोका गया आवेदन पत्र निरस्त अथवा अन्य किसी भी प्रलेख की कमी के कारण अथवा जिन शालाओं ने बोर्ड से सम्बद्धता का वार्षिक शुल्क जमा नहीं कराया है। उनके प्रवेश पत्र बोर्ड कार्यालय द्वारा अपलोड नहीं किए जाएंगे। शाला द्वारा जिन छात्रों का नाम एनएसओ, उपस्थिति न्यून अथवा अन्य कारण से रोका जाना है अथवा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया गया है ऐसे छात्रों को प्रवेश पत्र वितरित नहीं करे। यदि ऐसे प्रवेश पत्र वेबसाईट पर अपलोड हो गए है तो शाला प्रधान कमियों वाले प्रवेश पत्रों को अपने स्तर पर रोककर केवल योग्य परीक्षार्थियों को ही प्रवेश पत्र वितरित करें। यदि किसी प्रवेश पत्र पर परीक्षार्थी का फोटो मुद्रित नहीं हो अथवा अस्पष्ट या तुटिपूर्ण हो तो शाला प्रधान या अग्रेषण अधिकारी द्वारा परीक्षार्थी का सही फोटो लगवाकर प्रमाणित कर प्रवेश पत्र परीक्षार्थी को वितरित करें तथा बोर्ड कार्यालय में इसकी सूचना प्रेषित कर संशोधन करावें।

उन्होंने बताया कि परीक्षा समाप्ति पश्चात् फोटो संशोधन पर विचार नहीं किया जाएगा।

शांति भंग में बस चालक गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)।भूपालपुरा थाना पुलिस ने सिटी बस चालक के खिलाफ स्कूटी सवार को कट मारने एवं उसके मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने चालक को शांति भंग करने के आरोपी में गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार विजयोलिया भीलवाड़ा हॉल न्यू अशोक नगर निवासी मनीष पुत्र चौथमल नलवाया ने सिटी बस चालक पई नाई निवासी ललित पुत्र रमेश कटारा के खिलाफ टक्कर मारने एवं एतराज करने पर सरिये से हमला करने का प्रकरण भुपालपुरा पुलिस थाने में दर्ज करवाया।

किशनपुरा विद्यालय में चौधरी द्वारा लैपटॉप भेंट

मसूदा, (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय किशनपुरा (शेरगढ़)में एक समारोह के उपलक्ष पर एसएमसी अध्यक्ष प्रभुलाल स्वर्गीय नारायण लाल चौधरी किशनपुरा के द्वारा लैपटॉप भेंट किया गया साथ ही सायरा बानो वार्ड पंच किशनपुरा के द्वारा विद्यालय में एलईडी के लिए ?10000 की राशि भेंट की गई त साथ ही स्थानीय गांव के कमलेश चौधरी उत्तर महादेव चौधरी रितेश जाट पुत्र रतनलाल जाट, मनीष जाट पुत्र रामधन जाट का सेना-फौज में भर्ती होने की बधाई देते हुए सम्मानित किया।

42 वाँ वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह

ब्यावर (निसं)। श्री चिम्मनसिंह लोढ़ा नूतन उच्च माध्यमिक विद्यालय का 42 वाँ वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीए बी. एम. व्यास एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बी.सी. सोढ़ी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर छात्रा पृथा एवं बैभवी पटेल द्वारा गणेश वन्दना से की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के द्वारा अनेक रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई जिसके अन्तर्गत तन्मय नागर, प्रियाना, निधि, संजना, नियति, राजवीर, दीक्षा, अनाक्सी द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। छात्र भाविक बगेरिया, रूद्र महावर, विशिका जैन, ऋषि पटेल ने कविता पाठ प्रस्तुत कर सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। छात्रा निहारिका प्रजापति ने लोकप्रिय भजन एवं पृथ्वी पंवार ने प्रेरणा दायक गीत की कर्णप्रिय प्रस्तुति दी।

छात्र-छात्राओं द्वारा वर्तमान समय में होने वाले साइबर क्राइम, वर्क फ्रॉम होम, एआई पर आधारित नाटक ने उपस्थित सभी श्रोताओं को वर्तमान डीजिटल युग के बारे में सोचने पर मजबूर किया साथ ही ज्वलन्त मुद्दे पर मंचित नृत्यनाटिका ऑपरेशन सिन्दूर ने पूरे माहौल को देश प्रेम की भावना से ओत प्रोत कर दिया।

अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि बी. एम. व्यास ने संस्कारों के साथ वर्तमान समय के अनुरूप तारतम्य बिठाते हुए दी जा रही शिक्षा की विद्यालय परिवार को बधाई दी। अध्यक्ष डॉ. बी. सी सोढी ने विद्यार्थियों में अनुशासन एवं उच्चस्तर के प्रस्तुतिकरण की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सचिव रविन्द्र लोढ़ा ने विद्यार्थियों को जीवन मे सफल होने के गुर बताए।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ का रूपनगढ़ में स्वागत

■ राजस्थान प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौड़ का आज यहां रूपनगढ़ पहुंची

रूपनगढ़,(निसं)। राजस्थान प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती राखी राठौड़ का आज यहां रूपनगढ़ पहुंचने पर फव्वारा चौराहे पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डी सी वी किरण के नेतृत्व में भाजपाइयों द्वारा माल्यार्पण व ढोल ढमाके के साथ भव्य स्वागत किया गया।

भाजपाइयों द्वारा माल्यार्पण व ढोल ढमाके के साथ भव्य स्वागत किया गया।

राठौड़ हिन्दू सम्मेलन में भाग लेने व केवाय माता के दर्शन हेतु अपने पीहर किनसरिया जाते हुए मार्ग में रूपनगढ़ तिरुपति स्वीट्स पर रुकी जहां महिला मोर्चा रूपनगढ़ की मण्डल अध्यक्ष कंचन किरण वैष्णव व सरोज सोनी ने शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया जबकि मण्डल अध्यक्ष रणजीत सामरिया, मण्डल महामंत्री जगदीश सैन, नगर अध्यक्ष बिरदी चन्द कुमावत, पूर्व प्रशासक मुकेश प्रजापत, पूर्व सरपंच भगवान दास लखन, सहित शिवराज जांगिड़, बन्ना राम कुमावत, हनुमान सिंह जोधा, राजू लखन, महेन्द्र कुमार तिरूपति, जितेन्द्र पाराशर, कमल सैन, गौवर्धन जांगिड़, नाथू प्रजापत, चिमन सुभाष गौतम, खटीक समाज के अध्यक्ष हीरा लाल खटीक, दीपू पाराशर, भवानी साहू, प्रकाश साहू, श्री किशन खटीक, श्याम सुंदर वैष्णव, मनोज सिंधी, श्याम सुंदर पाराशर, रमेश गुरबानी, इमाम बक्ष छीपा, मुकेश अठावाल, रतन लुहाड़िया, गोपाल सोनी भदूण,श्रीधर शर्मा,मधुसूदन साहू, प्रकाश कुमावत, बजरंग कुमावत, खेमराज भण्डारिया,रूपा राम कुमावत,सहित महिला मोर्चा की प्रवीण वैष्णव, सुमन जोशी, कुसुम शर्मा, पार्वती सोनी आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नकदी लूटी, मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। पाटिया थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीडित के साथ मारपीट कर नकदी लूटने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित अरविन्द्र कुमार पुत्र राजमीणा निवासी कुवेडियाने पाटिया पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

खोया-पाया

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की पंचशील आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड संख्या ई-38 का कुल क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज को मुझ अर्चना माहेश्वरी पत्नी श्री राकेश राठी निवासी नसीराबाद, अजमेर में श्री बजरंग लाल नेहरा पुत्र श्री घीसा राम नेहरा जाति जाट निवासी भैसलाना, जयपुर से दिनांक 31.03.2017 को पंजीकृत विक्रय पत्र के खरीद किया हुआ है का मूल पंजीकृत विक्रय पत्र नसीराबाद, अजमेर में कहीं खो गया है, की गुमशुदमी की रिपोर्ट दिनांक 29.04.2023 को दर्ज करवाई हुई है का एल आर नं. 1789452/2023 है जिस किसी को मेरा उक्त मूल विक्रय पत्र प्राप्त हो तो श्रीमती अर्चना माहेश्वरी पत्नी श्री राकेश राठी निवासी मकान नं. 240 सदर बाजार, नसीराबाद, अजमेर। मो.नं. 9414008084 पर सूचना दें।

आम सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री सुंदर लखानी पुत्र श्री धानोमल लखानी, निवासी-3/8 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, धोलाभाटा,अजमेर द्वारा अपने पुत्र गिरीश लखानी व उसकी पत्नी श्रीमती राजेन्द्र कौर का व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति ठीक नहीं है और मेरे मुवक्किल के साथ लड़ाई-झगड़ा व गाली गलौच करते हैं जिस कारण मेरा मुवक्किल पुत्र व पुत्रवधु को अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल करता है अगर कोई भी व्यक्ति उपरोक्त दोनों से किसी भी प्रकार का सत्यवहार, लेन-देन व संबंध रखता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

-भवदीय- हरीश दायमा, एडवोकेट

आम सूचना

मेरी सासुजी बरजी पत्नी स्व.कल्ला जाति गुर्जर निवासी गुर्जर मोहल्ला, शिवाजी नगर, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 28 दिसम्बर 2009 को मेरे निवास स्थान पर हो गया है जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थिया-कंवरी देवी पत्नी चोथुराम

आम सूचना

मेरी माता सुगनी देवी पत्नी स्व.धुलाराम जाति नायक निवासी मिर्जा बावड़ी रोड, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 16 मार्च, 2019 को मेरे निवास स्थान पर हो गया है जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। -प्रार्थियां-सुनीता पुत्री स्व. धुलाराम एवं पत्नी शिवराज

आम सूचना

मेरी सासुजी बरजी पत्नी स्व.कल्ला जाति गुर्जर निवासी गुर्जर मोहल्ला, शिवाजी नगर, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 28 दिसम्बर 2009 को मेरे निवास स्थान पर हो गया है जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

-प्रार्थियां-कंवरी देवी पत्नी चोथुराम

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक- न.पा.बि./निर्माण स्वी./2025/6003 आम सूचना दिनांक:04-02-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाईल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
193	रीना देवी पत्नि रतनलाल जाट	साईनाथ कॉलोनी बिजयनगर ख.सं. 175 व 176 भू.सं. 42	125.71 SQ.MTR	आवासीय

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 2119 जाहिर आम सूचना दिनांक-04.02.26

राजस्थान आवासन मण्डल व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 1/21 पंचशील अजमेर फाल 18.00 व.मी. मूल आवंटी श्री कमल कुमार प्रितमानी पुत्र श्री परसूमल को आवंटित कर दिनांक 27.12.2001 को उक्त व्यावसायिक भू-खण्ड संख्या का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री कमल कुमार प्रितमानी पुत्र श्री परसूमल द्वारा दिनांक 03.03.2016 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त व्यवसायिक भू-खण्ड का पंजीयन करवा लिया गया। श्री कमल कुमार प्रितमानी की मृत्यु दिनांक 05.12.2021 को हो जाने के कारण उनकी पत्नि श्रीमती आशा प्रितमानी पत्नि स्व. श्री कमल कुमार प्रितमानी द्वारा हकल्याग पत्र (रजिस्टर्ड) प्रस्तुत कर मृत्यु पश्चात् उक्त व्यावसायिक भू-खण्ड संख्या 1/21 के हस्तानारण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्रीमती आशा प्रितमानी के पक्ष में श्री सुशान्त प्रितमानी पुत्र स्व. श्री कमल कुम